# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–05 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी चार सौ तीन विधानसभा क्षेत्रों में तीन–तीन लघु सेतुओं का निर्माण कराने का निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि शहरी क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त व संकरे सेतुओं के स्थान पर नये सेतु बनाये जाये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी धर्मो, सम्प्रदाय, पंथो के धार्मिक और पौराणिक स्थलों को बेहतर सम्पर्क मार्गों से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि परियोजनाओं में गड़बड़ी होने पर अवर अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता तक जवाबदेही तय की जायेगी। मुख्यमंत्री कल लखनऊ स्थित अपने सरकारी निवास पर लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समझौते का पालन न करने वाली कम्पनियों को ब्लैक लिस्ट किया जाए। विकास कार्यों का लाभ सभी पचहत्तर जिलों को मिलना चाहिए। श्री योगी ने अन्तर्राष्ट्रीय और अन्तर्राज्यीय सीमा पर बन रहे मैत्री द्वारों का निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख जिला मार्गों को कम से कम दो लेन और अन्य जिला मार्गों को डेढ़ लेन तक चौड़ा किया जाए।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम–दो हजार चार की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा मनोज मिश्र की खण्डपीठ ने बाइस मार्च के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें इस अधिनियम को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्तों के खिलाफ घोषित किया था। शीर्ष न्यायालय की इस व्यवस्था के अनुसार उत्तर प्रदेश में मदरसे काम करते रहेंगे और सरकार को शैक्षिक मानक निर्धारित करने का अधिकार होगा।

**********

नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने आज अपने संसदीय क्षेत्र में तिरपन करोड़ सड़सठ लाख रूपये की लागत से बनी नौ सड़कों का लोकार्पण किया। ये सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनायी गयी हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने लखनऊ–रायबरेली सीमा पर बने चुरूआ हनुमान मंदिर पहुंच कर दर्शन–पूजन किया। साथ ही, रायबरेली के फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज चौराहा पर बने शहीद चौक का उद्घाटन भी किया।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिये आज बसपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में बसपा प्रमुख मायावती और सतीश चन्द्र मिश्रा सहित चालीस नाम शामिल हैं। प्रदेश में गाजियाबाद, मीरपुर, कुन्दरकी, खैर, करहल, सीसमऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझवां सीटों पर उप चुनाव होना है। इसके लिये पहले तेरह नवम्बर को मतदान की तिथि तय थी लेकिन भारत निर्वाचन आयोग ने इसे बदल कर अब बीस नवम्बर कर दिया है।

**********

केंद्र सरकार ने आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को स्थिर रखने के साथ–साथ किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस क्रम में, उपभोक्ता, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज नई दिल्ली में भारत ब्रांड चावल तथा आटा योजना के दूसरे चरण का उद्घाटन किया, जिसमें चावल चौंतीस रूपये और आटा तीस रूपये प्रतिकिलो की दर पर मिलेगा। यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खाद्य सामर्थ्य बढ़ाने के लिये शुरू की गयी है।

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस को भव्य और सुरक्षित बनाने को लेकर तैयारियां जोरों पर है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों से प्रयागराज पहुचेंगे, ऐसे में रेलवे स्टेशनों के भीतर और बाहर दोनों जगहों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जा रहे हैं। प्रयागराज रेल मण्डल प्रशासन द्वारा महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के लिये पहली बार सीसी टीवी कैमरों के साथ ही एफ आर कैमरे भी लगाये जा रहे हैं, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की मदद से संदिग्ध गतिविधियों और अराजक तत्वों पर नजर रखने में कारगर है।

**********

**नहाय खाय** के साथ सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ आज से शुरू हो गया। पर्व को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में विशेष रूप से पूर्वी जिलों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नदियों और तालाबों के घाटों की साफ–सफाई की गयी है। अस्थायी रूप से बनाये गये पोखरों के आसपास भी साफ–सफाई और रौशनी के प्रबंध किये गये हैं। छठ पर्व को लेकर बाजारों में चहल–पहल बढ़ गयी है। बाजारों में भी पर्व से जुड़े लोकगीत सुनायी दे रहे हैं। छठ पूजा से जुड़ी सामग्री के लिये कई स्थानों पर अलग से दुकानें लगायी गयी हैं। कल खरना है। इस दिन व्रती आंशिक उपवास रखेंगी। सात नवम्बर को व्रती अस्तांचलगामी सूर्य को और शुक्रवार को उदयकालीन सूर्य को अर्ध देने के साथ व्रत पूरा करेंगे। छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिये गये हैं। घाटों के किनारे एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम को भी तैनात किया जायेगा।

**********